23/4/24

समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय को सम्बोधित करें अन्य किसी अधिकारी के नाम से नहीं।

पत्र संख्याः.................................../विकास/

दिनांकः.......................................................

प्रेषक,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी/समन्वयक,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

विषयः—विश्वविद्यालय में शोधरत अभ्यर्थियों के जे0आर0एफ0 से एस0आर0एफ0 उच्चीकरण/विस्तारण के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक F.No. 1-1/2024/SA-I dated 09-04-2024/20 चैत्र, 1946 द्वारा विश्वविद्यालय में पंजीकृत शोधार्थियों जो **फेलोशिप प्राप्त कर रहें है, के 30 मार्च 2024 तक के समस्त प्रपत्र यू0जी0सी0 को प्रेषित किये जाने है।**

उपरोक्त के क्रम में **जे0आर0एफ0 से एस0आर0एफ0 उच्चीकृत/विस्तार के प्रस्ताव 10.05.2024 तक विकास अनुभाग को आवश्यक रूप** से प्रेषित कर दिये जाय, यदि निर्धारित तिथि तक प्रस्ताव प्राप्त नही होते है तो यह मान लिया जायेगा कि कोई प्रस्ताव **संकाय/विभाग में दिनांक 30.03.2024 तक के लम्बित या शेष नही है। तदोपरान्त प्रस्ताव पर विचार नही किया जायेगा। यदि कोई प्रस्ताव लम्बित रहता है तो उसका उत्तरदायित्व स्वयं शोधार्थी एवं शोध पर्यवेक्षक का होगा।**

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के सम्बन्ध में अपेक्षित कार्यवाही अपने स्तर पर सुनिश्चित करने का कष्ट करें तथा प्रस्ताव इस कार्यालय को **दिनांक 10.05.2024 तक** उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

पत्रांक PJ- 8596-98 दिनांक 22/04/24

प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1—सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

2—निदेशक, नवीन परिसर, ल0वि0वि0, लखनऊ।

3—प्रभारी वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि समस्त को ई—मेल आई0डी0 पर प्रेषित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव

Scanned with ACE Scanner